इंदौर | सोमवार । 21 जुलाई 2025 । वर्ष 65 । अंक 167 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



6 नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी



5 प्राकृतिक आपदाओं से निपटने टीम गठित



8 भारत ने हांगकांग को 110-100 से हराया




7 रिलायंस ने कमाई का बनाया नया रिकॉर्ड

## एक नजर में



### विदेश से लौटे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

रीवा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को दुबई और स्पेन के सात दिवसीय विदेश दौरे से लौटते ही सीधे रीवा पहुंचे. यहां उन्होंने संजय नगर स्थित ससुराल जाकर अपने दिवंगत ससुर ब्रह्मानंद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं. डॉ. यादव 13 से 19 जुलाई तक विदेश यात्रा पर थे. इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से दुबई और स्पेन में आयोजित विभिन्न बैठकों में भाग लिया. उन्होंने कहा कि मेरी सात दिवसीय दुबई और स्पेन यात्रा अब तक की सबसे अच्छी यात्रा रही है. इसमें निवेश की अपार संभावनाओं पर चर्चा हुई है. कंपनियों के साथ एमओयू हुए जो रोजगार के नए अवसर होंगे.

### यूक्रेन पर 300 ड्रोन और 30 मिसाइलों से हमला

नयी दिल्ली. शनिवार देर रात रूस ने यूक्रेन के सैन्य ठिकानों पर व्यापक हमला किया. रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस हमले में हवाई, जमीनी और समुद्री हथियारों के साथ-साथ ड्रोन का भी उपयोग किया गया. दावा किया गया कि सभी निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया. सूत्रों के अनुसार यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने 300 से अधिक ड्रोन और 30 से ज्यादा क्रूज मिसाइलें दागीं. ओडेसा में एक नागरिक की मौत हुई और छह घायल हो गए. वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु सेना ने 71 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए, जबकि मॉस्को की ओर बढ़ रहे 13 ड्रोनों को रोक दिया गया. रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूस यूक्रेन से बातचीत के लिए तैयार है.

### एक ही परिवार के पांच लोगों ने की आत्महत्या

अहमदाबाद. गुजरात के अहमदाबाद जिले के बगोदरा गांव में रविवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों की सामूहिक आत्महत्या की चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यह मामला दिल्ली के चर्चित बुराड़ी कांड से मेल खाता है, जहां पूरे परिवार ने एक साथ जान दे दी थी. मृतकों में 34 वर्षीय विपुल कांजी वाघेला, उनकी 26 वर्षीय पत्नी सोनल, 11 और 5 साल की दो बेटियां और 8 साल का बेटा शामिल है. पूरा परिवार बगोदरा गांव में किराए के मकान में रह रहा था, जबकि वे मूल रूप से धोलका के निवासी थे.

### सऊदी अरब के राजकुमार का निधन

दोहा. सऊदी अरब के राजकुमार अल-वलीद बिन खालिद बिन तलाल(36) का शनिवार को निधन हो गया. बीस वर्ष पहले लंदन में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद वह कोमा में चले गए थे. शाही कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी. राजकुमार को सऊदी अरब में सोता हुआ राजकुमार कहा जाता था. समय-समय पर ऐसी अफवाहें उड़ती रहीं कि वह ठीक हो रहे हैं, लेकिन कभी इसकी पुष्टि नहीं हुई. कार्यालय ने एक बयान में कहा, राजकुमार के अंतिम संस्कार के लिए आज रियाद स्थित इमाम तुर्की बिन अब्दुल्ला ग्रैंड मस्जिद में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी.

# जस्टिस वर्मा पर महाभियोग !

**100** से अधिक सांसदों ने कर दिए हैं हस्ताक्षर | **01** माह चलेगा मानसून सत्र | **08** नए विधेयक पेश करने जा रही है सरकार | **22** को तीन सदस्यीय इन-हाउस जांच समिति गठित की

**नयी दिल्ली, 20 जुलाई. संसद के आगामी मानसून सत्र से पहले रविवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रेस को संबोधित करते हुए बड़ा खुलासा किया. उन्होंने बताया कि सरकार मानसून सत्र में 8 विधेयक पेश करेगी और अन्य लंबित विधेयकों पर भी चर्चा होगी.**



सरकार का मुख्य ध्यान आयकर विधेयक 2025 पर है, जिसे बजट सत्र में 13 फरवरी को लोकसभा में पेश किया गया था. साथ ही रिजिजू ने कहा दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और वर्तमान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय (प्रयागराज) में पदस्थ जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर 100 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं. रिजिजू ने स्पष्ट किया कि यह केवल सरकार की पहल नहीं है, बल्कि यह सभी दलों का साझा आंदोलन है. अब जब सांसदों का समर्थन महाभियोग प्रस्ताव को प्राप्त हो चुका है, यह मुद्दा मानसून सत्र का सबसे संवेदनशील और चर्चित विषय बन चुका है. यह प्रकरण भारतीय न्यायपालिका की पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर नए मापदंड तय कर सकता है.संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें केंद्र सरकार 8 नए विधेयक पेश करने जा रही है, जिनमें आयकर विधेयक 2025 और मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक हैं.

महाभियोग प्रस्ताव की पृष्ठभूमि 14 मार्च 2025 को हुई एक आपराधिक घटना से जुड़ी है, जब दिल्ली के लुटियन्स जोन स्थित जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास में आग लग गई थी. अग्निकांड के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने स्टोररूम से आधे जले हुए 500 के बंडलों की बोरियां बरामद की थी.

इसके बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने 22 मार्च 2025 को तीन सदस्यीय इन-हाउस जांच समिति गठित की, जिसने 4 मई 2025 को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को रिपोर्ट सौंपी. रिपोर्ट में वर्मा पर गंभीर आचरणहीनता और वित्तीय अनियमितता के संदेह जताए गए.

### मानसून सत्र में पेश किए जाने वाले विधेयक

1. लदान विधेयक 2024
2. समुद्री माल ढुलाई विधेयक 2024
3. तटीय नौवहन विधेयक 2024
4. गोवा राज्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व विधेयक 2024
5. मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024
6. भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025
7. आयकर विधेयक 2025
8. मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025
9. जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक 2025
10. भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025
11. कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025
12. भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक 2025
13. खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2025
14. राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025
15. नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन विधेयक 2025

# भारत त्वरित भुगतान में वैश्विक लीडर

**नई दिल्ली, 20 जुलाई. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा रविवार को जारी एक नोट में कहा गया है कि भारत त्वरित भुगतान में दुनिया में एक वैश्विक लीडर के रूप में उभरा है.**

जून माह में अकेले यूपीआई के माध्यम से 24.03 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन 18.39 अरब ट्रांजैक्शन के माध्यम से हुआ है. पिछले साल जून की तुलना में यूपीआई लेनदेन की संख्या में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जब यह संख्या 13.88 अरब थी.

आईएमएफ की रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्तमान में भारत में सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत है, और दुनिया भर में सभी रियल टाइम डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत है. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अब यह प्रतिदिन 64 करोड़ से ज्यादा लेनदेन संभालता है, जो वीजा जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों (प्रतिदिन लगभग 63.9 करोड़ लेनदेन) से कहीं ज्यादा है. यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूपीआई ने केवल नौ वर्षों में यह मुकाम हासिल किया है.




**भारत में डिजिटल ट्रांजैक्शन का 85 प्रतिशत यूपीआई से**

**49 करोड़ लोग, 6.5 करोड़ व्यापारी इससे जुड़े**

यूपीआई प्लेटफॉर्म वर्तमान में 49.1 करोड़ व्यक्तियों और 6.5 करोड़ व्यापारियों को सेवाएं प्रदान करता है, और 675 बैंकों को एक ही प्रणाली के माध्यम से जोड़ता है. इसने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे देशभर के लोगों, विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे शहरों के लोगों को आसान और किफायती तरीके से डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिली है. आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की यह सफलता वर्षों के डिजिटल आधारभूत कार्य और समावेशी विकास के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग की एक मजबूत दृष्टि का परिणाम है. भारत ब्रिक्स समूह में भुगतान मानक के रूप में यूपीआई को अपनाने की भी वकालत कर रहा है, जिसमें हाल ही में 6 नए सदस्य देश शामिल हुए हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो इससे सीमा पार भुगतान तेज, सस्ता और अधिक सुरक्षित हो सकता है.

### वैश्विक मानक और विस्तार

यूपीआई, जिसकी शुरुआत एक भुगतान प्रणाली के रूप में हुई थी, अब सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में एक वैश्विक मानक बन गया है. इसका प्रभाव केवल भारत तक ही सीमित नहीं है; यह पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस सहित सात देशों में मौजूद है. फ्रांस में इसकी शुरुआत यूरोप में इसके प्रवेश का प्रतीक है, जिससे वहां यात्रा करने वाले या रहने वाले भारतीय निर्बाध भुगतान कर सकेंगे.

# किसान के बेटे अंशुल का धमाका

## एक पारी में 10 विकेट लेकर टेस्ट टीम में मिली जगह

**नयी दिल्ली,20 जुलाई. भारत-इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से पहले भारतीय टीम में बड़ा फेरबदल किया गया है. चोटिल अर्शदीप सिंह और आकाशदीप की अनुपलब्धता के चलते चयनकर्ताओं ने हरियाणा के युवा तेज़ गेंदबाज़ अंशुल कंबोज को बतौर कवर भारतीय टीम में शामिल किया है.**



अंशुल का चयन एक ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद हुआ, जिसने क्रिकेट जगत को चौंका दिया. हरियाणा के करनाल जिले के इंद्री तहसील स्थित फाजिलपुर गांव के रहने वाले अंशुल कंबोज एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं. उनका जन्म 6 दिसंबर 2000 को हुआ था. उनके पिता उधम सिंह किसान हैं, जिन्होंने बचपन से ही अंशुल को क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया. छह साल की उम्र में उन्हें क्रिकेट की ट्रेनिंग दिलाई गई और ओपीएस विद्यामंदिर स्कूल में दाखिला कराया गया ताकि खेल और शिक्षा दोनों एक साथ चल सकें.

# रूस में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**नई दिल्ली, 20 जुलाई.** रूस के तटीय इलाके पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की के पास भूकंप के कई झटके महसूस किए गए. इनमें सबसे अधिक 7.4 तीव्रता का भूकंप भी शामिल है. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि पास के प्रायद्वीप और प्रशांत महासागर के पार हवाई द्वीप इलाके में संभावित सुनामी लहरों की चेतावनी जारी की गई. उधर रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने भूकंप क्षेत्र के पास के निवासियों को चेतावनी दी है कि उन्हें किसी भी परिस्थिति में सुनामी देखने के लिए तट पर जाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, हालांकि तट तक पहुँचने वाली लहरों की ऊँचाई ज़्यादा नहीं है.

# सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**किश्तवाड़ में संयुक्त टीम ने चलाया तलाशी अभियान**

**जैश-ए-मोहम्मद के 2-3 आतंकी घेरे में**

**नयी दिल्ली,20 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के डाचन इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई. खुफिया सूचना के आधार पर सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया.**



बताया जा रहा है कि जैश-ए-मोहम्मद के दो से तीन आतंकी इलाके में छिपे हुए हैं, जिन्हें सुरक्षाबलों ने घेर लिया है. मुठभेड़ रविवार दोपहर शुरू हुई. सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों को दबाव में लाने की कोशिश शुरू कर दी है. तालाशी अभियान लगातार जारी है. एक दिन पहले काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) यूनिट ने घाटी के चार जिलों - श्रीनगर, पुलवामा, बडगाम और एक अन्य - में 10 स्थानों पर छापेमारी की थी. यह कार्रवाई जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर अब्दुल्ला गाजी द्वारा संचालित स्लीपर सेल से जुड़ी हुई थी. सेना सूत्रों के अनुसार, राजौरी, पुंछ, डोडा, किश्तवाड़, रियासी और उधमपुर में इस समय 50 से 60 आतंकी सक्रिय हैं. वहीं, नियंत्रण रेखा के पार 70 से अधिक आतंकी लॉन्चपैड पर घुसपैठ की कोशिश में हैं, लेकिन भारतीय सेना की सतर्कता से उनके मंसूबे नाकाम हो रहे हैं. आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों का अभियान लगातार जारी है.

### बीकेआई के तीन गुर्गे गिरफ्तार, दो हथगोले बरामद

**मोहाली 20 जुलाई.** पंजाब में विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर, काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) पटियाला और राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), मोहाली ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है. तीनों गुर्गे एक अप्रैल, 2025 को पटियाला के बादशाहपुर और छह अप्रैल, 2025 को हरियाणा के अजीमगढ़ में पुलिस चौकियों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल थे. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि आरोपियों ने विदेश स्थित बीकेआई के गुर्गों मनु अगवान (ग्रीस) और मनिंदर बिल्ला (मलेशिया) के निर्देश पर दोनों हमलों को अंजाम दिया.

# वेणु से मिलकर खुशी हुई : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली,20 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीवीएस मोटर कंपनी के श्री वेणु श्रीनिवासन और श्री सुदर्शन वेणु से मिलकर उन्हें अपार खुशी हुई.**



मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रविवार पोस्ट में कहा,मैं कच्छ की सुंदरता को दर्शाने और मोटरसाइकिल सवारों को वहाँ जाने के लिए प्रोत्साहित करने के उनके प्रयास की सराहना करता हूँ. दरअसल टीवीएस मोटर कंपनी के अध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन और उनके पुत्र सुदर्शन वेणु ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री रण उत्सव 2025 कॉफी टेबल बुक भेंट की. मोदी ने रविवार सुबह इस मुलाकात से जुड़ी तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर री-पोस्ट की. उन्होंने कच्छ की खूबसूरती को दर्शाने के लिए वेणु श्रीनिवासन के प्रयासों की सराहना की. टीवीएस के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को टीवीएसएम रण उत्सव 2025 कॉफ़ी टेबल बुक भेंट की.

# विदेशी निवेशकों का जुलाई में आया 5,939 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई, 20 जुलाई.** विदेशी संस्थागत निवेशकों ने जुलाई में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 69.6 करोड़ डॉलर (5,939 करोड़ रुपये) का शुद्ध निवेश किया है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार, महीने के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शेयरों में बिकवाली कर डेट खरीदे. इक्विटी में उन्होंने 64.3 करोड़ डॉलर की बिकवाली की जबकि 134.4 करोड़ डॉलर के डेट की लिवाली की. इसके अलावा म्यूचुअल फंड में उन्होंने 4.6 करोड़ डॉलर लगाये जबकि हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट से पांच करोड़ डॉलर निकाले.

# जहाज में आग से तीन की मौत

## इंडोनेशिया के हादसे में 150 लोगों को बचाया गया

**जकार्ता, 20 जुलाई. इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में रविवार को एक यात्री जहाज में आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई.राहत की बात है कि इस हादसे में 150 लोगों को बचा लिया गया है.**




प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी वेरी अरियान्टो ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने कहा, दुर्घटना में तीन लोग मारे गए और 150 लोगों को बचा लिया गया. उन्हें संयुक्त बचाव दल और स्थानीय मछुआरों की नावों द्वारा सुरक्षित निकाला गया. खोज और बचाव अभियान जारी है. प्रांतीय आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण एजेंसी की त्वरित प्रतिक्रिया टीम के प्रमुख दानी रेपी ने बताया कि स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:00 बजे प्रांत की राजधानी मनाडो के तटवर्ती जलक्षेत्र में केएम बार्सिलोना 5 नाम के जहाज में आग लग गई. अंतिम रिपोर्ट मिलने तक राहत और बचाव कार्य जारी था.

# इटावा में चार इंटरनेशनल साइबर अपराधी गिरफ्तार

**इटावा, 20 जुलाई.** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले की कोतवाली क्राइम ब्रांच और साइबर पुलिस में संयुक्त रूप से चार अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इन गिरफ्तार अपराधियों के रिश्ते चीन,इंडोनेशिया और हांगकांग जैसे देशों के साइबर अपराधियों से निकलकर सामने आए हैं. इन चारों साइबर ठगों की गिरफ्तारी इटावा की कोतवाली पुलिस में बाइस ख्वाजा के पास से की है. इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी.

**खुलासा** | लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आयशा के तार, गोवा की आयशा रही फंड मैनेजर

# आगरा में भी हुआ धर्मांतरण गिरोह का पर्दाफाश

**नयी दिल्ली,20 जुलाई. उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के सख्त रुख के चलते मतांतरण गिरोहों पर लगातार कार्रवाई जारी है. बलरामपुर में छांगुर गैंग का खुलासा होने के बाद अब आगरा में एक बड़े मतांतरण गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है.**




इस गिरोह की सदस्य आयशा के तार आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े पाए गए हैं. जिसे एटीएस पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. सूत्रों के अनुसार पी 1301 कोड के माध्यम से होती थी फंडिग. गिरोह की फंड मैनेजर गोवा की रहने वाली आयशा उर्फ एसबी कृष्णा है, जो मूलत: ओडिशा की रहने वाली है सूत्रों के अनुसार आयशा यूएई, कनाडा, लंदन और अमेरिका के माध्यम से आने वाले पैसे को हवाला के ज़रिए भारत भेजती थी. आयशा के जाल में भारी संख्या में हिन्दू लड़कियों के फंसे होने का शक है. आयशा के खाते में विदेशों से लगातार पैसे आया करते थे. आयशा के खाते में 32 लाख रुपये भी भेजे थे. सूत्रों के अनुसार यूपी एटीएस गिरफ्तार दो आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही, जिससे गोपनीय जानकारी मिल रही है. सूत्रों के अनुसार इस गिरोह के तार भारत के कई राज्यों जैसे बंगाल (मुशिदाबाद, पुर्लिया ) यूपी (मुरादाबाद,सहारनपुर,लखनऊ, बरेली,मेरठ,आगरा)में जुड़ें हुए हैं.जो गरीब और आदिवासियों को लालच और धर्म बदलकर अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद का काम करते हैं.


### धर्मांतरण कराने का आरोपी गिरफ्तार

वाराणसी. उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में मिर्जामुराद पुलिस ने विवाहिता को भगा ले जाने और धर्मांतरण कराने के आरोपी मजहर को चित्रसेनपुर सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया. मिर्जामुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि आरोपी मजहर चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर का निवासी है.

# राष्ट्रपति पुतिन आ रहे हैं भारत

## भारत-रूस संबंधों को नई मजबूती देने की तैयारी

**नयी दिल्ली.20 जुलाई. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन करीब चार साल बाद भारत दौरे पर आ रहे हैं. वे इस साल के अंत में होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जिसकी मेज़बानी दिल्ली करेगी. यह बैठक 2021 के बाद पहली बार होगी, जब पुतिन भारत आएंगे.**



यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बीच यह यात्रा रणनीतिक रूप से बेहद अहम मानी जा रही है. सम्मेलन के दौरान रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा में साझेदारी, आर्कटिक क्षेत्र में भारत की भूमिका, और हाई-टेक क्षेत्रों में सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी. पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी की इस बैठक में खाद्य सुरक्षा और उर्वरक आपूर्ति पर भी बातचीत के आसार हैं. रूस ने हाल ही में मोदी के आग्रह पर भारत को उर्वरक निर्यात में वृद्धि की थी. इसके अलावा भारत रूस के साथ ब्रह्मोस मिसाइल और एस400 रक्षा प्रणाली जैसे संयुक्त परियोजनाओं को और मज़बूत करना चाहता है.